हापुड़ पुलिस

प्रेस नोट

थाना - बहादुरगढ़ दिनांक 17.07.2024

थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने गाड़ी में लिफ्ट देकर लोगों से लूट की घटना कारित करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के एक सदस्य को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से लूटी हुई नकदी, अवैध असलहा एवं घटना में प्रयुक्त कार बरामद ।

कार्यवाही-

हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 133/2024 धारा 309(4) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को चित्तौड़ा बम्बा की पटरी से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से लूटी हुई नकदी, अवैध असलहा एवं घटना में प्रयुक्त कार बरामद हुई है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

अर्ष पुत्र नसमुद्दीन निवासी रसीद नगर थाना ब्रह्मपुरी जनपद मेरठ ।

बरामदगी का विवरण-

1. 3100 रूपये नगदी (सम्बन्धित मु0अ0सं0 133/2024 धारा 309(4) बीएनएस थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़) ।
2. एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस .315 बोर ।
3. घटना में प्रयुक्त एक सेन्ट्रो कार रंग ग्रे मय फर्जी नंबर प्लेट ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. व0उ0नि0 बनी सिंह थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ ।
2. उ0नि0 (यूटी) कुलदीप सिंह थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ ।
3. उ0नि0 (यूटी) सार्थक कुमार थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ ।
4. हे0कां0 251 मुकेश कुमार थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ ।
5. हे0कां0 825 अंकुर राणा थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ ।
6. हे0कां0 135 राहुल कुमार थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ ।